## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में रबी की छः फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का हुआ निर्णय। एक करोड़ केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मिली मंजूरी।
- वाराणसी में ट्रेन और सामान्य परिवहन के लिये गंगा नदी के ऊपर बनेगा पुल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दी मंजूरी।
- मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का रास्ता हुआ साफ। भाजपा के पूर्व विधायक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में लम्बित याचिका ली वापस।
- वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आज प्रदेश भर में हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम। चित्रकूट में विशेष आयोजन।
- प्रधानमंत्री के बीस अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियां हुईं तेज।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की कल हुयी बैठक में किसानों और कर्मचारियों के हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले हुए। सरकार ने रबी की छः फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में वृद्धि करने का निर्णय किया है। यह वृद्धि न्यूनतम एक सौ तीस रूपये एवं अधिकतम तीन सौ रूपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में एक सौ पचास रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कर दो हजार चार सौ पच्चीस रूपये प्रति क्विंटल कर दी गयी है। सबसे ज्यादा वृद्धि रेप सीड और सरसो के दाम में हुयी है। इसमें प्रति क्विंटल तीन सौ रूपये तक वृद्धि की गयी है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद–बिक्री का सत्र अप्रैल दो हजार पच्चीस से शुरू होगा। मंत्रिमण्डल के इस फैसले का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वागत करते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के लिये हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं। इस दिशा में हमारी सरकार ने दो हजार पच्चीस–छब्बीस के कारोबारी सीजन के लिये गेहूं और चना सहित अनिवार्य रबी फसलों की एमएसपी को बढ़ाया है। इससे किसानों का जीवन और आसान होगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इस फैसले से किसानों की आय में वृद्धि होगी। हमारे किसान पहले से अधिक समृद्ध बनेंगे।

वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि के निर्णय का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में जनहित में लिये गये सभी फैसलों के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा है कि अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिये सतत समर्पित प्रधानमंत्री ने अपने दृढ़ नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर किया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश के करीब एक करोड़ केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत केंद्र सरकार के उन्चास लाख कर्मचारियों और साठ लाख पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता और महंगाई राहत तीन प्रतिशत बढ़ा दिया गया है।

***हमारे केन्द्र सरकार के जितने भी एम्लाइज हैं उन सबको बधाई आज कैबिनेट में डीए और पेंशनर्स के लिये डीआरए रिलीव को 3 परसेंट बढ़ाया है। 9448 करोड़ एनुवल हमारे सेन्ट्रल गवर्मेंट एम्प्लाइ के पेय चेक में एड होगा।***

**********

वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रूट पर गंगा नदी के ऊपर प्रस्तावित पुल के निर्माण को मंजूरी मिल गयी है। इस पुल को ट्रेन और समान्य परिवहन दोनों के लिये इस्तेमाल किया जायेगा। दो हजार छः सौ बयालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले इस पुल को चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कल केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में हुए इस फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह पुल विश्व का सबसे अधिक ट्रैफिक क्षमता वाला पुल होगा।

***इस इसमें डिसाइड हुआ है कि एक नया ब्रिज बनाये, जिस ब्रिज में नीचे वाले डेक में रेलवे लाइन होगी और ऊपर वाली डेक में 6 लेन का हाईवे होगा। यह वर्ल्ड में ट्रांसपोर्ट कैपिसिटी, टैफिक कैपिसिटी में वन ऑफ दि बिग्रेस्ट ब्रिजेस में काउंट होगा। इसमें जरूरी है कि हमारा इंटायर ईस्ट और नार्थ ईस्ट और वेस्टन दोनों को जोड़ने का यह एक बहुत बड़ा कारिडोर है और इस कॉरिडोर में गंगा जी पर यह ब्रिज अपने आपमें एक बहुत बड़ा लैंडमार्क है। इस ब्रिज को कंसट्रैक्टकरने में 2642 करोड़ रुपये के ऊपर का इंवेस्टमेंट लगेगा।***

**********

प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट से संबंधित इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में लंबित अपनी याचिका को कल वापस ले लिया। पूर्व विधायक ने बताया कि उन्होंने यह याचिका सपा नेता अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को लेकर दाखिल की थी। जब यह याचिका दायर की गई थी, तब वह मिल्कीपुर से विधायक चुने गए थे। नर्वाचन आयोग ने एक दिन पूर्व प्रदेश की दस में से सिर्फ़ नौ सीटों पर मतदान कराने की घोषणा की थी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट को लेकर चुनाव कार्यक्रम नहीं घोषित हो सका था। उपचुनाव का ऐलान होने के साथ ही राजनीतिक दलों और प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। मिर्जापुर ज़िलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मझवा विधानसभा सीट पर

तीन लाख निन्यानबे हज़ार दो सौ उन्सठ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए दो सौ बासठ मतदान केंद्र और चार सौ बयालीस मतदेय स्थल बनाए जाएंगे।

***निष्पक्ष पारदर्शी और निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए जो सभी आवश्यक व्यवस्था हैं SST team gekjh sst team video अवलोकन team या हमारी media प्रमाण अनुभिक्षर समिति call center की स्थापना यह सभी तैयारियां हमारी पूर्ण हो गई है इनमें 17 क्रिटिकल बूथ है और इसके अतिरिक्त सभी बूथ्स पर हमने डै की सुविधा और अन्य सभी सुविधाओं का सुनिश्चित किया जा रहा है।***

**********

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में श्रीराम चरितमानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन कराये जा रहे हैं। साथ ही महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में विशेष तौर पर सुबह से लेकर देर शाम तक कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। चित्रकूट के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा इसके बाद आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू होगा। इस दौरान पूजन–हवन, भजन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुश प्रसंग आदि कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी आयोजन स्थलों पर साफ–सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिये हैं। (

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीस अक्टूबर को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एक हजार दो सौ करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तारीकरण और सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण भी शामिल है। उनके आगमन को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इसी क्रम में कल वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि मेले का उद्देश्य किसानों को नई– तकनीक से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि यंत्रों और सोलर पम्प पर अनुदान दे रही है।

**********

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद–ईपीसीएच की तरफ से सोलह से बीस अक्टूबर–दो हजार चौबीस तक ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे में आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली मेला–ऑटम–दो हजार चौबीस और एक्सपो बाजार का कल प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह मेला उत्तर प्रदेश के ओडीओपी निर्माताओं के लिए अपने उत्पादों के प्रदर्शन के साथ–साथ देश भर के कारीगरों और निर्यातकों के लिए वैश्विक खरीदारों से जुड़ने का एक शानदार अवसर है।

**********

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी के मुकाबले आज से लखनऊ में खेले जाएंगे। अट्ठाइस अक्टूबर तक कुल इक्कीस मुकाबले होंगे। सभी मैच अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में होंगे। ग्रुप डी में रेलवे, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, केरल और त्रिपुरा की टीमें हैं। प्रतिदिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

**********